>

Ttile: Regarding jobs to local people of Tarapur whose land were acquired in Maharashtra.

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित (पालघर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे मेरे मतदारसंघ में तारापुर परमाणु ऊर्जा केन्द्र से संबंधित प्रभावित लोगों के सामाजिक और आर्थिक समीक्षा के महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । सर, परमाणु ऊर्जा का बहुत ही महत्वपर्ण योगदान रहा है, खासकर बिजली के क्षेत्र में । देश में कई परमाणु ऊर्जा केन्द्र स्थापित हैं, जिनमें महाराष्ट्र में तारापुर है, जो मेरे पालघर मतदारसंघ में है । वहां न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया ने इस प्रोजेक्ट को स्थापित करने के लिए एन.पी.सी.आई.एल. ने वहां के स्थानीय लोगों से जमीन ली । …(व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, none of the Ministers is present in the House. What is the meaning of 'Zero Hour'?…(*Interruptions*)

KUNWAR DANISH ALI (AMROHA): Sir, what is the meaning of 'Zero Hour' when no Minister is present in the House? …(*Interruptions*)

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित: अध्यक्ष महोदय, वहां के हर परिवार के एक व्यक्ति को इस प्रोजेक्ट में नौकरी देने का ऐलान किया गया था । इस आधार पर वहां के स्थानीय लोगों ने अपनी जमीन दे दी …(व्यवधान)

KUNWAR DANISH ALI: The Government business is run according to their wishes. This is not proper. …(*Interruptions*)

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित : उनके नियम के हिसाब से स्थानीय लोगों को 80 परसेंट नौकरी देने का प्रावधान किया गया था, …(व्यवधान) लेकिन अभी तक एनपीसीएल के द्वारा यह नहीं किया गया है । मैं आपके द्वारा सरकार से मांग

करना चाहता हूं कि यहां के स्थानीय प्रकल्प पीड़ित लोगों को प्राथमिकता दी जाए। महाराष्ट्र में तारापुर अणुशक्ति केन्द्र ने जिन लोगों की जमीन ली है उनको नौकरी में 80 परसेंट आरक्षण देना चाहिए। यह प्रावधान करना चाहिए। वहां जो प्रश्न पत्रिका निकाली गयी, वह मराठी में होनी चाहिए। तारापुर परमाणु ऊर्जा निगम, जो बहुत ही महत्वपूर्ण संस्थान है, इस संस्थान का समाज के विकास में बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। मेरा निवेदन है कि इस संस्थान के द्वारा यहां के स्थानीय निवासी प्रकल्प पीड़ित को स्कूली शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य और अन्य आर्थिक मदद दिलाने की कृपा करें।

सर, जो प्रकल्प पीड़ित हैं और कांट्रेक्ट सिस्टम में जहां काम करते हैं, उनको वहां काफी तंग किया जाता है। उनको पुलिस वेरिफिकेशन होने के बाद भी निकाल दिया जाता है। उनको निकाला न जाए, यही मेरी मांग है। धन्यवाद।